आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बारह घंटे की चर्चा के बाद राज्यसभा में भी ध्वनि मत से पारित हुआ वक्फ संशोधन विधेयक, केंद्र सरकार ने कहा–राष्ट्र के हित में है यह विधेयक।
- थाईलैंड यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की महाकुंभ की चर्चा, कहा–इस आयोजन ने वैश्विक शांति और सामंजस्य का दिया संदेश।
- निषादराज गुहा के जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में पांच सौ उन्यासी करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास, श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने की घोषणा की।
- लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम के बीच आज शाम खेला जाएगा आईपीएल दो हजार पचीस का सोलहवां मैच।

**********

संसद द्वारा पारित वक्फ बिल संशोधन विधेयक को कल राज्यसभा में भी मंजूरी मिल गई। उच्च सदन में विधेयक पर करीब बारह घंटे तक चली चर्चा के बाद इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। एक सौ अट्ठाइस सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में, जबकि पच्चानवे सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। लोकसभा ने दो अप्रैल की रात में ही इस विधेयक को पारित कर दिया था।

विधेयक पर चर्चा के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हितधारकों के साथ–साथ संयुक्त संसदीय समिति के साथ विस्तृत परामर्श के बाद विधेयक लाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों से इस विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ का लाभ केवल मुस्लिम को ही मिल सकता है और कोई गैर मुस्लिम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को समावेशी बनाने के लिए इसमें मुसलमानों के सभी संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा।

**हमने जो नया प्रोग्राम लेकर आए हैं उसमें हर वक्त बोर्ड में मुसलमान में जो भी जो रिकॉग्नाइज्ड सेक्ट है। सब मिलकर के वक्त बनेगा। जो पिछड़ा वर्ग हैं, वह भी वक्फ बोर्ड का मेम्बर होगा और ऑउट ऑफ टेन मुस्लिम्स टू मेम्बर मिनिमम शैल बी वोमेन।**

केन्द्रीय मंत्री और नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि विधेयक राष्ट्र हित में है।

**हम यहां डिक्सकशन का हमारा ऑब्जेक्टिव क्या है क्या ऑब्जेक्टिव पार्टी का इंटरेस्ट है या ऑब्जेक्टिव नेशन का इंटरेस्ट है। हमको दोनों के बीच में तय करना है। मैं अपने सरकार के बारे में मोदी जी के नेतृत्व में डंके की चोट पर कह सकता हूं कि यह बिल नेशन के इंटरेस्ट में है और उसके लिए लेकर हम आए हैं। यह किसी पार्टी के इंटरेस्ट में नहीं है, यह किसी वोट बैंक को सैटिसफाई करने के इंटरेस्ट में नहीं है। यह देश के इंटरेस्ट में है।**

कांग्रेस के सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि यह विधेयक भ्रामक है और इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के इरादे से लाया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने भी विधेयक पर सवाल उठाए।

वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है। इसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। इससे संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्ड और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित हो सकेगा। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने का भी प्रयास किया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के बीच बैंकॉक में कल द्विपक्षीय वार्ता के बाद कई अहम समझौते किए गये। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए महाकुंभ की भी चर्चा की।

**इस वर्ष भारत में महाकुंभ में भी हमारा पुराना कनेक्शन दिखाई दिया। थाईलैंड समेत अन्य देशों से छह सौ से अधिक बौद्ध श्रद्धालु इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सभा का हिस्सा बने। इस आयोजन ने वैश्विक शांति और सामंजस्य का संदेश दिया**

थाइलैंड सरकार ने श्री मोदी की यात्रा के अवसर पर अठरहवीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों को दर्शाते हुए एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले हफ्ते प्रस्तावित वाराणसी आगमन की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेहंदीगंज राजा तालाब में प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों, भाजपा के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था सहित, प्रधानमंत्री के

कार्यक्रम में प्रस्तावित लोकार्पण और शिलान्यास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने श्रीराममंदिर के पुनर्निमाण के लिए आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का प्राचीन मंदिर भव्य एवं दिव्य रूप में एक बार फिर से जगमगा कर अपनी प्राचीन गौरव परम्परा के साथ आगे बढ़ता रहे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण का आदेश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव पर प्रयागराज में पांच सौ उन्यासी करोड़ रुपये की एक सौ इक्यासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और राजा निषाद से जुड़ी कथाओं और एक जनपद–एक उत्पाद ओडीओपी पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की वजह से प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ है।

**डबल इंजन की यह सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को फिर से भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है और महाकुंभ के बहाने आज हमारा प्रयागराज स्मार्ट सिटी से भी आगे बढ़ चुका है और प्रयागराज महाकुंभ के बहाने लेटे हुए हनुमान जी का भी एक कॉरिडोर का निर्माण हो गया है, अक्षयवट कॉरिडोर बन गया है। माँ सरस्वती कॉरिडोर बन गया है। ये प्रयागराज की नई मणियाँ जुड़ी है नए नए पहचान प्रयागराज को मिले है।**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान निषाद राज वोट सब्सिडी योजना के तहत एक हजार एक सौ नाविकों को तीन करोड़ बीस लाख रुपये, मत्स्य संपदा योजना के तहत एक हजार चार सौ मत्स्य पालकों को बीस करोड़ रुपये, और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए एक सौ अड़तीस करोड रुपये के ऋण वितरित किए।

**********

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इस योजना के सर्वेक्षण का कार्य सत्ताईस दिसम्बर दो हजार चौबीस से चल रहा है। इस बार केंद्र सरकार ने आवास प्लस एप के जरिये स्वयं पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान की है। अब तक प्रदेश में इकतालिस लाख पचास हजार से ज्यादा परिवारों का विवरण आवास प्लस एप पर पंजीकृत हुआ है। इस बीच, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने योजना से सम्बन्धित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता, निष्ठा व ईमानदारी के साथ सर्वेक्षण पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**********

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वेव्स क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–द वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप और द वेव्स अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के तहत दो प्रतियोगिताओं के लिए फाइनलिस्ट की घोषणा की है। मेरठ के मोहित शर्मा और बरेली के विन्ध्यर्ष मिश्र ने फाइनल सूची में जगह बनाई है। एक से चार मई तक दो हजार पचीस तक मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन में विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

**********

आईपीएल दो हजार पचीस के सोलहवें मैच में आज लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम के बीच मैच खेला जाएगा। यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से होगा।

**********

प्रदेश के झांसी जिले में आज से पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का शुभारंभ हो रहा है। पंद्रह अप्रैल तक चलने वाली इस चैंम्पियनशिप में इकतीस राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुरेश बोनकर ने बताया कि चैंपियनशिप में टीमों को ए, बी, सी ग्रुप में रखा गया हैं। इनमें ग्रुप बी और सी का लीग मैच चार से नौ अप्रैल तक होगा। ग्रुप ए की टॉप टीमों में उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और पंजाब की टीमें शामिल हैं।

**********

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। गंगोत्री के कपाट भी इसी दिन और केदारनाथ धाम के कपाट दो मई, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे।

**********